एक नजर में

स्वर्णकार समाज के जिलाध्यक्ष बने सोनी

पचोर 25 जुलाई, सं. स्वर्णकार समाज के जिलाध्यक्ष पद पर सराफा व्यापारी श्याम सोनी को नियुक्त किया गया है . उनके जिलाध्यक्ष बनने पर समाजजनों और सराफा व्यापारी एसोसिएशन ने सम्मान किया . इस दौरान उन्हें साफा बांधकर और पुष्पमाला पहनाई गई . समाजजनों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन और समाजहित के कार्यों को नई गति मिलेगी . श्याम सोनी ने समाज की एकजुटता और विकास के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया . समारोह में बड़ी संख्या में समाजजन एवं मित्र उपस्थित रहे .

सड़क निर्माण से आवागमन होगा आसान

ब्यावरा 25 जुलाई, का. नगर के कुशवाह मोहल्ला, टाल मोहल्ला और सबलगढ़ बस्ती में वर्षों से लंबित सड़क निर्माण कार्य शुरू हो गया है . इससे क्षेत्र के लोगों को जर्जर रास्तों से राहत मिलेगी . शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा ने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया . निरीक्षण के दौरान पवन कुशवाहा ने निर्माण कार्य देखा और अधिकारियों को समय पर अच्छी गुणवत्ता के साथ काम पूरा करने के निर्देश दिए . उन्होंने कहा कि काम की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा . उन्होंने बताया कि सड़क बनने से स्थानीय लोगों का आवागमन आसान होगा . बरसात के दौरान होने वाली दिक्कतें कम होंगी और क्षेत्र की यातायात व्यवस्था भी बेहतर होगी . निर्माण कार्य शुरू होने पर क्षेत्र के लोगों ने संतोष जताया और जल्द काम पूरा होने की उम्मीद व्यक्त की .

भूमि बेचना है

नेशनल हाईवे नंबर 3 बायपास प्रज्ञा सागर शुजालपुर से बाईपास में मुआवजा मिलने के बाद 11 बीघा जमीन बेचना है . सरेड़ी पटवारी

सम्पर्क करें : 9424406947

बिल : 09 अगस्त

दर्शन के लिए जा रहे चचेरे भाइयों सहित 5 की मौत

शाजापुर के 5 दोस्तों की कार तालाब में गिरी, वहीं एक अन्य घटना में युवक की मौत

भीलखेड़ी जोड़ के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित तालाब में गिरी कार पानी में पूरी तरह से डूब गई जिससे सवार सभी युवकों की मौत हो गई

नवभारत न्यूज

खुजनेर/ब्यावरा 25 जुलाई, का. राजगढ़ जिले में शनिवार सुबह एक भीषण और हृदयविदारक सड़क हादसा सामने आया है. शाजापुर से खाटू श्याम मंदिर दर्शन के लिए आ रही एक तेज रफ्तार कार भीलखेड़ी जोड़ के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित तालाब में जा गिरी. देखते ही देखते कार पानी में पूरी तरह डूब गई. जिससे उसमें सवार पांचों दोस्तों की दर्दनाक मौत हो गई. वही एक अन्य घटना में ट्रक की चपेट में आने से एक 20 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई.

क्रेन की मदद से निकाली गई कार

घटना शनिवार सुबह करीब 8 बजे की बताई जा रही है. हादसे के तुरंत बाद आसपास के स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद कार को तालाब से बाहर निकाला. इसके बाद कार के कांच तोड़कर अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला गया. लेकिन तब तक सभी पांचों व्यक्तियों की सांसें थम चुकी थीं. हादसे के बाद पुलिस ने एहतियातन तालाब में सर्च ऑपरेशन भी चलाया. ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कार में कोई अन्य व्यक्ति सवार तो नहीं था. खुजनेर थाना प्रभारी रवि ठाकुर ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हादसे की मुख्य वजह तेज रफ्तार और वाहन का अनियंत्रित होना माना जा रहा है. सभी शवों को पंचनामा बनाकर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है.

सभी मृतक शाजापुर जिले के निवासी

पुलिस के अनुसारए सभी मृतक शाजापुर जिले के ग्राम अरंडिया और अरंडिया खुर्द के रहने वाले थे. वे शनिवार सुबह खाटू श्याम मंदिर के दर्शन के लिए एक ही कार से रवाना हुए थे. लेकिन मंजिल पर पहुंचने से पहले ही हादसे का शिकार हो गए. मृतकों में गोविंद तिवारी और कमल किशोर तिवारी आपस में चचेरे भाई थे. जिनमें गोविंद तिवारी 55 वर्ष निवासी अरंडिया खुर्द, कमल किशोर तिवारी 57 वर्ष निवासी अरंडिया खुर्द, शंकर नाथ 58 वर्ष निवासी अरंडिया खुर्द,अरविंद वर्मा 50 वर्ष निवासी अरंडिया, रोहित पटेल 42 वर्ष निवासी अरंडिया के निवासी बताये गये है. हादसे की खबर जैसे ही शाजापुर के अरंडिया गांव पहुंची. वहां मातम छा गया. एक साथ गांव के पांच लोगों की मौत से परिजन और ग्रामीण स्तब्ध हैं. पुलिस मामले की मर्ग कायम कर आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है.

ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

छापीहेड़ा 25 जुलाई, सं. शुक्रवार रात 10 बजे संडाबता रोड़ पर एक बाइक सवार के सामने गाय आ गई. इसी बीच गाय को बचाने में वह फिसल गया और ट्रक के नीचे आ गया जिससे युवक की दर्दनाक मौत हो गयी. जानकारी के अनुसार ट्रक जीरापुर की ओर से आ रहा था. वही थाना अहमदपुर सीहोर निवासी कमलेश पिता गोवर्धन उम्र 20वर्ष संडावता की ओर से आ रहा था. तभी सामने एक गाय के आ जाने से बाईक असंतुलित होकर फिसल गई और सामने से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गई. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची. अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया. मौके से भाग निकले ट्रक को पुलिस ने 8 किमी दूर से पकड़ा. पुलिस द्वारा मौके की जांच सहित कार्यवाही जारी है.

सार्वजनिक, मुक्तिधाम परिसर में 10 कुर्सियां लगाईं

पडाना 25 जुलाई, सं. सांसद निधि से पडाना नगर के सार्वजनिक मुक्ति धाम, खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के बैठने एवं उनकी सुविधा के लिए 10 कुर्सियां लगाई गई हैं. सांसद रोडमल नागर द्वारा सांसद निधि की राशि के तहत खेड़ा मंदिर खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर में आठ कुर्सियां मंदिर प्रांगण में एवं सार्वजनिक मुक्तिधाम पर दो कुर्सियां स्थापित की गई. नगर के प्राचीन खेड़ापति मंदिर समिति के पुजारी सहित ग्रामीण वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ मोहनलाल शर्मा, मनोज शर्मा, अनिल कुमार सोनी, राजेश डाबरा, लक्ष्मी नारायण परमार, जगदीश दरबार, अजय महेश्वरी ,महेश जाटव, दिनेश जनपद, श्रीनाथ दास गुप्ता, ओम परमार, पप्पू जाटव, जीवन विजयपुरिया, जगदीश जाटव सहित आसपास ग्रामीण अंचल एवं पडाना नगर के नागरिकों ने सांसद नागर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पहल से आमजन को बहुत राहत मिलेगी.

लहसुन खरीदी : तौल कांटे में गड़बड़ी का आरोप

ट्रेडर्स का लायसेंस निरस्त करने की मांग



नवभारत न्यूज

ब्यावरा 25 जुलाई, का. कृषि उपज मंडी में चल रही लहसुन की खरीदी के दौरान तौल कांटे में कथित गड़बड़ी का मामला सामने आया है. किसान रामेश्वर दांगी ने आरोप लगाया कि वह अपने घर से लहसुन की तौल करके लाया था. जिसमें 55 किलो वजन था. मंडी में तौल करने पर अंतर आया जिसका विरोध किया.

किसान का कहना है कि घर से तोलने पर वजन 55 किलो था. इसी बीच मौजूद किसानों ने हंगामा कर दिया और 20 किलो के वाट से इलेक्ट्रिक कांटा चेक किया तो उसमें 18 किलो 100 ग्राम बताया. इस प्रकार एक किलो नौ सौ ग्राम का अंतर आने पर हंगामा तेज हो गया और मौजूद किसानों ने मंडी सचिव से लिखित में शिकायत की जिस पर मंडी सचिव ने मौके पर पहुंचकर तोल काटा जप्त किया.

किसान का कहना है कि तुलसी टेंडर्स के संचालक पंकज साहू एवं उमेश साहू के यहां तौल के दौरान गडबडी सामने आई. जिस पर उन्होंने तत्काल आपत्ति दर्ज कराई. आरोप लगाया गया है कि न जाने कितने समय से तोल काटे में गडबडी चल रही है कितने किसानों के साथ में धोखा किया गया है.

घटना की जानकारी मिलते ही मंडी में मौजूद किसानों के बीच चर्चा का विषय बन गई. किसानों ने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए. साथ ही तुलसी ट्रेडर्स का लायसेंस केंसिल करने की मांग की है. वहीं मंडी सचिव ने जांच कर नियमानुसार कार्यवाहीं करने की बात कही है.

पॉलीटेक्निक द्वितीय वर्ष में आवेदन की अंतिम तिथि आज

राजगढ़ 25 जुलाई, का . शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय राजगढ में तकनीकी शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रम इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, केमिकल इंजिनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग और मैकेनिकल इंजीनियरिंग के द्वितीय वर्ष में कुछ ही रिक्त सीटों के विरुद्ध 2 वर्षीय आई टी आई उत्तीर्ण या पी सी एम के साथ 12 वीं पास को मिलेगा सीधे पॉलीटेक्निक डिप्लोमा के द्वितीय वर्ष में प्रवेश . प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ हो चुके है . प्रवेश के लिए इच्छुक छात्र छात्राएं संस्था में उपस्थित होकर या डी टी ई काउंसलिंग पोर्टल पर एम पी ऑनलाइन कियोस्क सेन्टर / स्वयं के द्वारा रजिस्ट्रेशन करा कर काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग ले सकते है .

देवशयनी एकादशी पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

ढोल–नगाड़ों और भक्ति संगीत के साथ मंदिर पहुंचे और बाबा को निशान अर्पित किए

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 25 जुलाई, का. नगर के श्री खाटू श्याम मंदिर में शनिवार को देवशयनी एकादशी के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी. मंदिर समिति के अनुमान के मुताबिक, एक लाख से अधिक भक्तों ने बाबा श्याम के दर्शन किए. इस अवसर पर शहर के कई क्षेत्रों और आसपास के गांवों से निशान यात्राएं निकाली गईं. ढोल–नगाड़ों और भक्ति संगीत के साथ श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और बाबा श्याम को निशान अर्पित किए. इन यात्राओं में महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लिया.

सनातन हिंदू धर्म में देवशयनी एकादशी का विशेष महत्व बताया गया है. मान्यता है कि यह एकादशी सभी पापों का नाश करती है और सुख–समृद्धि प्रदान करती है.

मांगलिक कार्य रुके, देवउठनी एकादशी से होंगे शुरू

हिन्दू धर्म की मान्यताओं के अनुसार, देवशयनी एकादशी से भगवान विष्णु शयन करते हैं और योग निद्रा में रहते हैं. इस अवधि में विवाह सहित गृहप्रवेश आदि मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं. चार्तुमास में तपस्वी संत स्थान गमन नहीं करते है. जिनालयों में जैन संतों का चार्तुमास प्रारंभ हो गया है.

रुक–रुक कर हो रही बारिश, औसत से काफी पीछे

ब्यावरा और नरसिंहगढ़ में सबसे कम बारिश, जिले की कुल औसत वर्षा पर असर

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 25 जुलाई, का. बमुश्किल 21 जुलाई से शुरू हुए बारिश के क्रम में लोगों को उसम से भले ही राहत दे दी हो लेकिन आंकड़ों के लिहाज से इस बार बारिश बीते वर्ष के रिकॉर्ड के इर्द–गिर्द भी नहीं पहुंच पा रही है. बीते वर्ष 30 जुलाई तक के औसत बारिश के रिकॉर्ड को बारिश ओवरटेक कर पाती है या नहीं अभी कहा नहीं जा सकता है. लेकिन वर्तमान में जो बारिश की स्पीड से उससे लग रहा है कि ओवरटेक करना तो दूर चेस करने

के लाले ना पड़ जाए.

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष जिले की औसत वर्षा 1 जून से लेकर अब तक 387 मिमी है. जबकि इसी अवधि में जिले की औसत वर्षा 611 मिमी आंकी गई है. इस बार ब्यावरा और नरसिंगढ़ में काफी कम बारिश हुई है. यहां औसत बारिश अब तक 226 और 163 मिमी हो पाई है. जबकि बीते वर्ष यह आंकड़ा 1029 और 747 मिमी था. हालांकि इस बार जीरापुर, पचोर में अच्छी बारिश दर्ज हुई है. किसानों के लिहाज से बारिश का कुछ समय के लिए ब्रेक लगना लाभदायक है. यहां कीटनाशक के छिड़काव में किसान लगा हुआ है. आशा की जा रही है तेज बारिश लगातार होगी और फसलों के लिए लाभकारी होगी.



प्राकृतिक खेती समृद्ध किसान संगोष्ठी आयोजित हुई

मोहनपुरा डेम स्थित कृषि धाम में हुई संगोष्ठी

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 25 जुलाई, का. ग्राम मोहनपुरा डेम स्थित कृषि धाम में किसान मोर्चा के द्वारा आयोजित प्राकृतिक खेती किसान संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया. इस अवसर पर सभी ने कृषि धाम का भ्रमण किया. यहां विकसित अनार आम अमरूद स्ट्रॉबेरी एवं अन्य फलदार एवं औषधीय पौधों का अवलोकन एवं निरीक्षण किया.

कृषि धाम में प्राकृतिक खेती के उत्कृष्ट मॉडल आधुनिक तकनीकों एवं जैविक कृषि के सफल प्रयोग किसानों के लिए अत्यंत प्रेरणादायी हैं.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत ने प्राकृतिक खेती के महत्व, कम लागत में अधिक उत्पादन, मृदा की उर्वरता बढ़ाने, जल संरक्षण तथा रसायनमुक्त खेती के विविध आयामों पर विस्तृत एवं प्रेरक मार्गदर्शन दिया. साथ ही भाजपा जिला उपाध्यक्ष इन्दरसिंह लववंशी ने भी किसानों को संबोधित किया और प्राकृतिक खेती के कम लागत में अधिक उत्पादन, मृदा की उर्वरता बढ़ाने, जल संरक्षण तथा रसायनमुक्त खेती के विविध आयामों पर विस्तृत महत्व को बताया.

प्राकृतिक खेती केवल खेती करने की एक पद्धति नहीं, बल्कि धरती माँ के संरक्षण, पर्यावरण संतुलन, जल बचाने, किसानों की आय बढ़ाने तथा आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य देने का एक जनआंदोलन है. हम सभी का संकल्प होना चाहिए कि प्राकृतिक एवं जैविक खेती को जन–जन तक पहुँचाकर समृद्ध किसान, सशक्त कृषि और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएँ.

इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सतीश बैस, जिला मंत्री रामचरण नागर, राजू पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष राधेश्याम यादव, राकेश चावड़ा, रामगोपाल गुर्जर, संजय तोमर सहित आसपास के लगभग 10 से अधिक ग्रामों से आये किसान उपस्थित रहे.

स्वास्थ्य सुरक्षित मातृत्व दिवस के अंतर्गत जिले की 10 संस्थाओं में विशेष जांच शिविर

378 से अधिक गर्भवती महिलाओं की हुई जांच, 57 हाई रिस्क में

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 25 जुलाई, का. स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस के तहत शनिवार को जिले की 10 स्वास्थ्य संस्थाओं में विशेष गर्भवती स्वास्थ्य शिविरों का सफल आयोजन किया गया. इन शिविरों में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से पहुंची 378 से अधिक गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा किया गया. पूरे जिले में जांच के दौरान 57 से अधिक महिलाओं को हाई रिस्क गर्भवती के रूप में चिन्हित किया गया है.

स्वास्थ्य विभाग हर माह की 25 तारीख को इन विशेष शिविरों का आयोजन करता है, ताकि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके. शिविरों के सुचारू संचालन और व्यवस्थाओं को पारदर्शी बनाने के लिए जिला स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रम अधिकारियों को अलग–अलग ब्लॉक की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी गई थी. सभी अधिकारियों ने शाम को जिला कार्यालय में अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की.

सीएमएचओ ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने जिला अस्पताल में आयोजित शिविर का जायजा लिया. यहां 52 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा चुका था, जिनमें से 23 हाई रिस्क पाई गईं. निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने गंभीर रूप से एनीमिक (खून की कमी से पीड़ित) महिलाओं को तत्काल अस्पताल में भर्ती कर उपचार शुरू करने के कड़े निर्देश दिए. शिविर में आने वाली महिलाओं को किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए विशेष ध्यान रखा गया था. स्वास्थ्य केंद्रों पर महिलाओं के बैठने के लिए सुव्यवस्थित जगह, पीने के साफ पानी और स्वल्पाहार का उचित प्रबंध किया गया था. इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं के साथ ग्रामीण क्षेत्रों की आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भी मौजूद थीं.